(ख) यदि हां, तो यह घटना कब हुई थी और इसके लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई है और यदि कोई कार्यवाही नहीं की गई है, तो उस के क्या कारण हैं ?

**पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा)** (क) जी हां। बरौनी शोधनशाला के प्रशिक्षण केन्द्र से नौ टाइपराइटर और एक मुख्य शीर्ष प्रोजैक्टर चुराया गया है जब कि कोई भी पंखा नहीं चुराया गया है।

(ख) 19 दिसम्बर, 1978 को रात में चोरी हुई थी। क्योंकि प्रशिक्षण केन्द्र की खिड़की तोड़ कर खोली गई थी इसलिय चोरी का ही मामला जान पड़ता है शोधनशाला और शहर की देखभाल केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा फोर्स के नियंत्रण में है। दिनांक 20 दिसम्बर, 1978 को शोधनशाला प्रबन्ध द्वारा सी. आई. एस. एफ के कमाडैण्ट को चोरी के संबंध में बताया गया था और स्थानीय पुलिस के पास भी रिपोर्ट लिखवा दी गई है।

## Integrated perspective plans of Coal Production and Transport

2158. SHRI A. BALA PAJANOR: Will the Minister of ENERGY be pleased to lay a statement showing the particulars of integrated perspective plans of coal production and transport keeping in veiw the needs of energy by the economy within 20 years at more than four-half times the current rate?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI JANESWAR MISHRA): There has been no exercise to project the demand of coal for different consumers beyond 1978—88 except in a general way. Fuel Policy Committee in its report of 1974, has projected a demand of coal of 353 million tonnes by 1990-91, but no exercise has been carried out about the transportation requirement beyond 1987-88. The estimates of production and transportation requirements in the year 1987-88 are given below:—

(In million tonnes)

| | 1987-88 |
|---|---|
| Production | 239·8 |
| Transport requirement by rail | 160·0 |
| By road and other modes | 77.0 |

The Railways had prepared a Corporate Plan 1976-77, covering a time frame upto 1988-89. This plan provides for a movement of 155 million tonnes of coal in 1988-89 by rail.

2. Draft Plan 1978—83 has envisaged the coal production target of 149 million tonnes and 202 million tonnes commensurate with a demand during 1982-83 and 1987-88. The Working Group on Railways has projected a movement of 112 million tonnes of coal by railways during 1982-83.

3. Nevertheless, Government have set up Energy Policy Committee and National Transport Policy Committee which could take a view of integrated nature of coal production and transportation for next 20 years period. The report of these Committees are yet to be submitted to Government.

## फिल्म वित्त निगम द्वारा 1978 में अच्छी फिल्मों के निर्माण के लिए दिया गया धन

2159 श्री हरगोविन्द वर्मा क्या सूचना और प्रसारण मंत्री निम्नलिखित जानकारी दर्शानेवाला एक विवरण सभा पटल पर रखने की कृपा करेंगे कि :

(क) फिल्म वित्त निगम द्वारा 1978 में अच्छी किस्म की फिल्मो के निर्माण के लिए कितनी धनराशि दी गई;

(ख) यह धनराशि जिन पार्टियों को दी गई उन का ब्यौरा क्या है और कितनी फिल्मों के लिए दी गई; और

(ग) उन में से अब तक कितनी फिल्मों का निर्माण हुआ है और कितनी का अभी निर्माण किया जाना है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी)**

(क) से (ग) वर्ष 1978 के दौरान 13 फिल्मों के निर्माण के लिए 11 निर्माताओं को पूर्ण रूप से या आंशिक रूप से कुल मिला कर 16,0268 रुपये के ऋण दिए गए। इनका ब्यौरा इस प्रकार है :--

| क्रम संख्या | पार्टी का नाम | फिल्मों/डाकूमेंट्री फिल्मों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | राजेन्द्र सिंह बेदी | 1 |
| 2. | युक्त फिल्म का-आपरेटिव सोसाइटी | 1 |
| 3. | के० प्रेम सिह वर्मा | 1 |
| 4. | मुजफ्फर अली | 1 |
| 5 | बिमल दत्त | 1 |
| 6. | बी० डी० गर्ग | 1 |
| 7. | प्रचला मूवीज | 1 |
| 8. | एम० सुखादेव | 1 |
| 9. | प्रकाश अरोड़ा | 3 |
| 10. | रवीन्द्र गुप्त | 1 |
| 11. | फूली बिल्लीमोरिया | 1 |
| | योग | 13 |

जिन 13 फीचर फिल्मों/डाकुमेंट्री फिल्मों के लिए 1978 के दौरान ऋण दिया गया था, उनमें से 9 मुकम्मल हो चुकी हैं और चार निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं।

**सातवें फिल्म समारोह में प्रत्यय-पत्र प्राप्त करने के आवेदनकर्त्ता**

2160. **श्री हरगोविन्द वर्मा** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवें फिल्म समारोह में प्रत्यय-पत्र प्राप्त करने के लिये कितने व्यक्तियों ने आवेदन किया था।

(ख) उन में से प्रत्यय-पत्र दिए जाने के लिए कितने व्यक्तियों को चुना गया;

(ग) उन व्यक्तियों का ब्यौरा क्या है, जिन का चयन किया गया है और जिन का चयन नहीं किया गया है; और

(घ) उन्हें चुन जाने के क्या कारण हैं ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी)**: (क) 525।

(ख) 344।

(ग) जिन फिल्म पत्रकारों को प्रत्यय-पत्र दिए गए उन का ब्यौरा परिशिष्ट-1 में तथा जिन फिल्म पत्रकारों को प्रत्यय-पत्र नही दिए गए उन का ब्यौरा परिशिष्ट-2 में दिया गया है, जो सभा पटल पर रखा गया है। [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या L.T. 4047-79]

(घ) प्रत्येक मामले पर विशेष प्रत्यय-पत्र समिति द्वारा निर्धारित मानदंड के आधार पर गुण दोष आधार पर विचार किया गया था।

**सातवें फिल्म समारोह के अवसर पर दी गई पार्टियां**

2161. **श्री हरगोविन्द वर्मा** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवें फिल्म समारोह के सम्बन्ध में कुल कितनी पार्टियां दी गई;

(ख) उन पार्टियों में अलग-अलग कितने प्रतिनिधि एवं गैर-प्रतिनिधि शामिल हुए;

(ग) गैर प्रतिनिधियों के बारे में ब्यौरा क्या है; और

(घ) इन पार्टियों पर कुल कितना व्यय हुआ ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी)** : : (क) 7।

(ख) और (घ) भारत के सातवें अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह के दौरान ये पार्टियां जूरी के सदस्यों और समारोह के प्रतिनिधियों का अभिनन्दन करने के लिए दी गई थीं। तथापि, इन में समारोह से संबंधित अधिकारियों, राजनयिकों, फिल्म अभिनताओं, पत्रकारों, आदि को भी आमन्त्रित किया गया था। इन पार्टियों में शामिल होने वाले व्यक्तियों की संख्या और उन पर हुआ व्यय संलग्न विवरण में दिया हुआ है।

**विवरण**

| क्रम संख्या | पार्टी/स्वागत | शामिल होने वाले व्यक्तियों की संख्या | हुआ व्यय | कैफियत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | निदेशक द्वारा जूरी के सदस्यों को 3-1-79 को अशोक होटल में भोज। | 25 | 1,805.00 | |
| 2 | मंत्री द्वारा प्रतिनिधियों को 3-1-79 को संसद् सौध में रात्रि भोज। | 450 | 22,935.00 | |